# दरिया बना दिया किसी को

दरिया बना दिया किसी को, साहिल बना दिया,
मुझको कृपा ने आपकी, काबिल बना दिया ॥

मायुस किसी को करदे, ये दर वो दर नहीं है
कभी रख के फिर उठालूं, मेरा सर वो सर नहीं है
सुख दुख में रहमतों का, आंचल ओढ़ा दिया,
दरिया बना दिया किसी को, साहिल बना दिया.......

करुणा भरी नजर से, मुझे आपने बुलाया,
जन्नत भरा नजारा, नजरों में मेरी छाया,
नैंनो में मेरे ऐसा काजल लगा दिया,
दरिया बना दिया किसी को, साहिल बना दिया.......

बड़ी मुद्दतों से फरीशते, अब तक तरस रहे हैं,
बिन बात के ये बादल, हम पर बरस रहे हैं,
नाचीज को किशोरी की, पायल बना दिया,
दरिया बना दिया किसी को, साहिल बना दिया.......

दीवाना कर दिया जमाना, मसताना कर दिया,
अपना दिल गुरुदेव को, नजराना कर दिया,
गोपाली को भी पागल ने, पागल बना दिया,
दरिया बना दिया किसी को, साहिल बना दिया,
मुझको कृपा ने आपकी, काबिल बना दिया.........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23989/title/dariya-Bana-Diya-Kisi-Ko

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |